web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्व का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, सोमवार 31 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-92

# रासेसंघ प्रमुख भागवत की जान को खतरा!

## सुरक्षा में ब्लैक कैट कमांडों व्यवस्था कराने की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय और राज्य एजेंसियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की जान के खतरे को लेकर एक सुरक्षा ऑडिट किया है। उनकी सिक्योरिटी को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के ब्लैक कैट कमांडो के साथ अपग्रेड करने की सिफारिश की गई है।

ज्ञात हो कि भागवत को वर्तमान में जेड-प्लस सुरक्षा कवर प्राप्त है, जोकि एसपीजी और एनएसजी के बाद तीसरी उच्चतम सुरक्षा है। इसमें 60 से अधिक सीआईएसएफ कमांडो उनकी सुरक्षा में चौबीस घंटे तैनात रहते हैं।



साउथ ब्लॉक के अधिकारियों के अनुसार वे अभी भी इन रिपोर्टों का मूल्यांकन कर रहे थे और भागवत की सुरक्षा पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। अधिकारियों ने ऐसे उदाहरणों की ओर इशारा किया जब राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हाल के चुनावों के दौरान भागवत की सुरक्षा का उल्लंघन हुआ था।

ऐसा माना जाता है कि खतरे का आकलन भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट के भारत में मॉड्यूल द्वारा कथित साजिश का विश्लेषण करके किया गया है, विशेष रूप से आरएसएस और भाजपा के लोगों के खिलाफ हमले करते हैं।

खास बात ये भी है कि एनआईए ने हाल ही में दिल्ली और उत्तर प्रदेश में 10 युवाओं को गिरफ्तार किया था। इससे पहले पिछले साल पंजाब में कांग्रेस सरकार ने राज्य में आरएसएस नेताओं की हत्याओं को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान स्थित आईएसआई द्वारा एक कथित साजिश का खुलासा किया था। 2017 में लुधियाना में दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने 60 साल के आरएसएस नेता रविंदर गोसाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इससे पहले, आरएसएस नेता ब्रिगेडियर जगदीश गगनेजा (टीटीडी) को जालंधर में गोली मार दी गई थी, जिनकी लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी।

## पीएम की सभा से लौट रहे काफिले पर पत्थराव से एक सिपाही की मौत

गाजीपुर (आरएनएस)। निषाद पार्टी और एसबीएसपी से ताल्लुक रखने वाले प्रदर्शनकारियों के एक समूह द्वारा शनिवार को किए गए हमले में एक सिपाही की मौत हो गई। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गाजीपुर में रैली थी और वहां से लौट रही गाड़ियों पर शनिवार की शाम को पथराव किया गया। इस पथराव में घायल पुलिसकर्मी सुरेश कुमार वत्स की मौत हो गई। घटना गाजीपुर जिले के गाजीपुर कठवा मोड़ के पास की है। आरोप है कि रैली से लौट रहे भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के समर्थकों की गाड़ियों पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) और निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पथराव किया। बाद में दोनों पक्षों की ओर से पत्थरबाजी होने लगी, जिसके चलते पुलिस को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। बताया जा रहा है कि पत्थरबाजी के दौरान सिपाही सुरेश भी वहां मौजूद थे। पत्थरबाजी में सुरेश और दो अन्य सिपाही घायल हो गए। बाद में सिपाही सुरेश कुमार वत्स की मौत हो गई। हालांकि, इस पूरे मामले पर पुलिस प्रशासन का कोई भी अधिकारी अभी कुछ कहने से इनकार कर रहा है। घटना के बाद पुलिस ने निषाद पार्टी के 10 लोगों को हिरासत में ले लिया है। मौके पर मिले वाहनों को जब्त करने के साथ ही बाकी हमलावरों की धरपकड़ के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है।



## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारतीय मूल के पुलिस अधिकारी की हत्या में एक शख्स गिरफ्तार

कैलिफोर्निया (आरएनएस)। कैलिफोर्निया की न्यूमैन काउंटी में भारतीय मूल के एक पुलिस अधिकारी की हत्या के मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है जो मैक्सिको फरार होने की योजना बना रहा था। स्टेनीस्लाउस काउंटी शेरिफ एडम क्रिश्चयनसन के हवाले से सीएनएन ने कहा कि संदिग्ध की पहचान 33 साल के गुस्तावो पेरेज अरियागा के तौर पर हुई और वह अवैध रूप से रह रहा था। उसे गोलीबारी के स्थल से करीब 200 मील दक्षिण में कर्न काउंटी स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। कारपोरल रोनिल सिंह (33) ने बुधवार को एक बजे संदिग्ध को सड़क किनारे रोका और कुछ पलों बाद ही उन्होंने वायरलेस पर कहा कि ''गोली चली'' है।

### एक बच्चे की मां ने की युवती से समलैंगिक शादी

**प्रशासन ने नहीं दी मान्यता**

बांदा (आरएनएस)। हमीरपुर जिले में शुक्रवार को दो युवतियों ने समलैंगिक विवाह कर लिया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा समलैंगिक विवाह को सामाजिक मान्यता देने के आदेश से जुड़ा कोई शासनादेश न आने का हवाला देकर पंजीयन विभाग के अधिकारियों ने इस विवाह को मान्यता नहीं दी है। इनमें से एक युवती पहले ही शादीशुदा है और एक बच्चे की मां है।

### आप ने केजरीवाल का कार्यकाल एक साल बढ़ाया

**राज्यों में सभी सीटों पर लड़ने का लिया फैसला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) की राष्ट्रीय परिषद ने आगामी वर्ष 2019 में होने वाले लोकसभा चुनाव और इसके बाद दिल्ली के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित परिषद के सभी सदस्यों का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। शनिवार को हुई परिषद की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद पार्टी के प्रवक्ता पंकज गुप्ता ने बताया, 'अगले साल लोकसभा चुनाव और उसके कुछ महीने बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि इस परिषद की कार्य अवधि को एक साल और बढ़ाया जाए।'



### सड़क दुर्घटना में दो कारों की टक्कर से 6 लोगों की मौत, 4 घायल

नई दिल्ली। रविवार को कर्नाटक में एक भीषण सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई है. इस हादसे में चार लोग बुरी तरह से जख्मी भी हुए हैं. रविवार को कर्नाटक के गडग जिले में दो कारों के बीच भीषण टक्कर हो गई. इस सड़क दुर्घटना में कार में सवार छह लोगों की मौत हो गई वहीं चार अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं. कर्नाटक के गडग जिले में हुए इस भीषण हादसे में जख्मी लोगों तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया. जहां उनका इलाज किया जा रहा है.

### दिल्ली में पड़ती बर्फ का विडियो वायरल

**मौसम विभाग ने बताया फ्रॉस्ट**

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी में शनिवार को एक विडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ, जिसमें शख्स दिल्ली शिमला बन गई है, दिल्ली श्रीनगर जैसी हो गई है चिल्ला रहा है। पश्चिम विहार के इस विडियो में शख्स कार की छत से कुछ सफेद-सफेद उठा रहा था, जिसको वह बर्फ बताता है। इसके बाद से लोगों को लगने लगा कि सच में दिल्ली में भी बर्फ पड़ने लगी है, लेकिन असल में ऐसा है नहीं।



## देश के सेल्फ डिफेंस को मिली नई मजबूती, 2019 के लिए दी शुभकामनाएं

**पीएम मोदी ने देशवासियों से 51वीं बार की मन की बात**

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे 51वीं बार देशवासियों को मन की बात में संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने साल 2018 की अनेक उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताया और आने वाले वर्ष 2019 की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस साल पीएम की यह आखिरी मन की बात है।




पीएम मोदी ने कहा कि साल 2018 खत्म होने वाला है। हम 2019 में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में गुजरे साल की बातें चर्चा में होती हैं और आने वाले साल का संकल्प भी लिया जाता है। आप सभी को 2019 की ढेर सारी शुभकामनाएं। 2018 को हम कैसे याद करें। इसे याद करना भी महत्वपूर्ण है। पीएम ने कहा कि इस साल विश्व की सबसे बड़ी आयुष्मान योजना शुरू हुई।

देश के हर घर तक बिजली पहुंच गई।

## ऑस्कर विजेता गीतकार नॉर्मन गिंबेल का निधन

लॉस एंजेलिस (आरएनएस)। ऑस्कर और ग्रैमी पुरस्कार विजेता गीतकार नॉर्मन गिंबेल का निधन हो गया है। वह 91 साल के थे। वैरायटी डॉट कॉम की शनिवार की रपट के अनुसार, नॉर्मन का निधन 19 दिसंबर को मोंटेसिटो स्थित उनके घर में हुआ। नॉर्मन के निधन की पुष्टि बीएमआई ने अपनी वेबसाइट पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए की।

बीएमआई ने लिखा, बीएमआई लोकप्रिय गीतकार और प्रतिभाशाली लेखक नॉर्मन गिंबेल के निधन के बारे में जानकर बहुत दुखी है। उन्हें उनके ढेरों दोस्त और प्रशंसक बहुत याद करेंगे।

गर्ल फ्रॉम इपानेमा, हैपी डेस और इट गोज लाइक इट गोज के गीतकार के घर में दो बेटे टोनी, पीटर और दो बेटियां नेली और हन्नाह हैं।

## बैकुंठपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 6 पदाधिकारियों को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला, पार्टी के विरोध में किया था काम

बैकुंठपुर. बैकुंठपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले 6 कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर जवाब मांगा था। पार्टी ने सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। जवाब नहीं देने पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी 6 को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इनकी प्राथमिक सदस्यता भी खत्म कर दी गई है। जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में सर्वसम्मति से फैसला जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से पार्टी के विरोध कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। इन कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई -तारा पाण्डेय- पूर्व पीसीसी सदस्य -चंद्र प्रताप राजवाड़े- पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष -रवि राजवाड़े- पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता - मकबूल खान- वर्तमान जिला सचिव -अभिषेक दुबे- एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष -चंद्रशेखर अवस्थी- वर्तमान जिला सचिव पार्टी के विरोध में किया था काम जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक में पार्टी विरोध कार्य करने वाले और नोटिस का जवाब नहीं देने वाले पांच कार्यकर्ताओं को छह साल के लिए निष्कासन की कार्रवाई की गई है। वहीं एक कार्यकर्ता का जवाब संतोषजनक नहीं होने के कारण उसी भी निष्कासित किया गया है।



**-अजय सिंह, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैकुंठपुर**

## तेज रफ्तार ट्रक ने तीन बाइक सवार लोगो को कुचला, 2 की मौत

कवर्धा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में आज दोपहर बाद हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत हो गयी। घटना लोहारा थाना क्षेत्र के तालपुर गांव की है। बाइक सवार तीन लोगों को एक ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही बाइक सवार मां-बेटी की मौत हो गयी, वहीं एक व्यक्ति गंभीर रुप से जख्मी हो गया। अस्पताल में उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।




इधर नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया और ट्रक को आग के हवाले कर दिया।

इधर मौके पर प्रशासन की टीम लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है, लेकिन नाराज लोग मुआवजा देने और सड़क दुर्घटना में आये दिनों लोगों की हो रही मौत को लेकर प्रशासन को ही जिम्मेदार बता रहे हैं।

ट्रक राइस मिल से धान की बोरियों को लादकर रायपुर की तरफआ रहा था, इसी दौरान तालपुर गांव के करीब ट्रक ने पीछे से बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया और बुरी तरह कुचल दिया। मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि व्यक्ति के शरीर के कई हिस्सों में काफी चोटें आयी है।

## वाट्सऐप पर मिला महिला को तलाक, सहायता को आगे आईं मेनका

नयी दिल्ली (आरएनएस)। महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने उस महिला को पूरी सहायता का भरोसा दिलाया है, जिसके पति ने वाट्सऐप पर उसे कथित तौर पर ''तीन तलाक'' दे दिया है। 'मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक' बृहस्पतिवार को लोकसभा में पारित होने के बाद प्रकाश में आया तीन तलाक (तलाक ए बिद्दत) का यह पहला मामला है। बेंगलुरू की एक महिला को उसके पति द्वारा विवाह के 15 वर्षों बाद वाट्सऐप पर तलाक देने की मीडिया में आई खबर पर, मेनका ने कहा कि उनके मंत्रालय ने मामले को प्राथमिकता के आधार पर लिया है और महिला को पूरी सहायता का भरोसा दिलाया है।



## सोनिया का नाम उछला तो बीजेपी ने दिया राफेल जवाब

**अगुस्टा वेस्टलैंड**

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगुस्टा वेस्टलैंड घोटाले में बिचौलिए क्रिस्चन मिशेल द्वारा ईडी की पूछताछ में सोनिया गांधी का नाम लिए जाने के बाद देश की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। राफेल डील को लेकर बीजेपी पर हमलावर कांग्रेस के खिलाफ सत्तारूढ़ पार्टी को मौका मिल गया। ऐसे में बीजेपी ने फौरन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने यूपीए की पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार घोटालों की सरकार रही। जल, थल, आकाश सभी जगह घोटाले किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि वह राज ऐसा था, जिसमें देश को लूटने का काम हुआ। राफेल डील पर हमलावर कांग्रेस को जवाब देते हुए जावड़ेकर ने कहा, चोर इतना शोर क्यों मचा रहा है, यही कहानी है। चोर मचाए शोर।

आपको बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट को बताया कि अगुस्टा वेस्टलैंड घोटाले के बिचौलिए क्रिस्चन मिशेल ने पूछताछ में सोनिया गांधी का नाम लिया है। ईडी ने आगे कहा कि वह अभी यह नहीं बता सकती कि मिशेल ने गांधी का नाम किस संदर्भ में लिया है। ईडी का दावा है कि मिशेल ने इटली की महिला के बेटे का भी जिक्र किया है।

## भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन 11 को

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी के रामलीला मैदान में 11 और 12 जनवरी को होने वाले बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों के लिए प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बैठक बुलाई। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले आयोजित यह अधिवेशन काफी अहम है। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अनिल जैन के अनुसार इस अधिवेशन में देशभर के हर जिले से लगभग 12,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह, केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

## नवजात के हाथ-पैर में थीं 6-6 उंगलियां, मां ने काटीं

**संक्रमण से हुई बच्ची की मौत**

खंडवा (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में हुई एक घटना में नवजात बच्ची के हाथ और पैर में छह उंगलियां होने के कारण कथित रूप से मां द्वारा हंसिये से उंगलियां काटने के कारण हुए संक्रमण से बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस बच्ची का शव कब्र से बाहर निकलवाकर उसका पोस्टमॉर्टम करवा रही है और रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी। खालवा पुलिस थाने की प्रभारी निरीक्षक हीना डाबर ने बताया कि 22 दिसंबर को वनग्राम सुन्दरदेव में एक आदिवासी महिला तारादेवी के घर में लड़की का जन्म हुआ था। कथित तौर पर बच्ची के हाथ-पैर में छह-छह उंगलियां थीं। प्रसूता महिला ने जन्म के बाद ही हंसिए से बच्ची की अतिरिक्त उंगलियां काट दीं और जख्म पर गोबर का लेप लगाकर पलाश के पत्ते से लपेट दिया। इससे संक्रमण होने से कुछ घंटों के बाद ही बच्ची ने दम तोड़ दिया।



## शिक्षा विभाग ने स्टूडेंट के लिए हेल्पालाइन नंबर किया जारी, हर दिन के लिए एक विषय निर्धारित, 22 एक्सपर्ट कर रहे समाधान

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा के लिए समय सारिणी घोषित करने के साथ अब छात्र भी परीक्षा की तैयारियों में जुट गए हैं। वहीं छात्रों को पढ़ाई में होने वाली समस्याओं को समाधान करने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने स्टूडेंट हेल्पालाइन नंबर जारी किया है। जिसके जरिए सभी विषयों के विशेषज्ञ स्टूडेंट को किसी भी विषय में होने वाली समस्या का आसानी से समाधान कर रहे हैं।

हर दिन के लिए एक विषय निर्धारित

सोमवार, मंगलवार को दसवीं और बारहवीं के लिए गणित।

बुधवार को जीव विज्ञान, रसायन और भौतिकी।

गुरुवार व शुक्रवार अंग्रेजी।

शनिवार को कॉमर्स और सामाजिक विज्ञान के विषयों से जुड़ी समस्या का समाधान किया जाता है।

## आतंकी हमले को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में पांच गिरफ्तार

बर्लिन (आरएनएस)। डच और जर्मन पुलिस ने शनिवार को पांच लोगों को नीदरलैंड में आतंकी हमले को अंजाम देने की साजिश रचने के मामले में गिरफ्तार किया।



पुर्तगाल पुलिस ने एक बयान में कहा कि चार संदिग्धों को रॉटरडैम में हिरासत में लिया गया और अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों की तलाशी ली। पुलिस ने बयान में कहा गया कि कथित खतरा किस स्तर और प्रकृति का था इसका पता लगाने के लिये जांच जारी रहेगी। उन्होंने इस पर विस्तृत जानकारी नहीं दी। दूसरी ओर, जर्मनी में पुलिस ने बताया कि एक सीरियाई व्यक्ति को नीदरलैंड में आतंकी हमला को अंजाम देने की तैयारियों में संलिप्तता के लिये गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि नीदरलैंड के प्रत्यर्पण के अनुरोध के बाद 26 वर्षीय व्यक्ति को पश्चिमी शहर मैन्ज से गिरफ्तार किया गया है।